**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा 2026 के दूसरे भाग में देश के विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा गंभीर असर।
- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा–बजट में हिमाचल के सेब बागवानों के हित सुरक्षित।
- प्रदेश में बी पी एल सूचियों को अंतिम रूप देने के लिए चौथे चरण की चयन प्रक्रिया शुरू, नए नियमों के तहत अब मनरेगा में 80 दिन का रोजगार पूरा करने वाले लोग भी होंगे पात्र।
- प्रदेश में आज से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान–कल राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**प्रधानमंत्री–परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह परीक्षा पे चर्चा 2026 के दूसरे भाग में देश के विद्यार्थियों से परस्पर संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह दस बजे विभिन्न मंचों से प्रसारित किया जाएगा। कुछ ही दिनों में होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए विद्यार्थियों से संवाद का मुख्य केंद्र परीक्षा का दबाव, तैयारियों की रणनीति, समय प्रबंधन और आत्म विश्वास के प्रति सकारात्मक सोच में मदद करना होगा। परीक्षा पे चर्चा के इस सत्र में प्रधानमंत्री बोर्ड परीक्षाओं के तरीके, आत्मविश्वास पैदा करने, सकारात्मक बने रहने और मानसिक तनाव और दबाव जैसी आम चुनौतियों से निपटने के बारे में उपयोगी सलाह को साझा करेंगे।

**आरडीजी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। शिमला में कल मंत्रिमंडल की बैठक और वित्त विभाग की प्रैजेंटेशन के बाद उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान को समाप्त करना सरकार का नहीं, बल्कि राज्य की जनता के अधिकारों का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि यदि एक बार आरडीजी का प्रावधान समाप्त किया जाता है, तो राज्य की जनता के अधिकारों को सुरक्षित रख पाना कठिन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 17 राज्यों के लिए आरडीजी समाप्त कर दी गई है, लेकिन हिमाचल प्रदेश पर इसका सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है क्योंकि राज्य के बजट का 12 दशमलव 7 प्रतिशत हिस्सा आरडीजी से आता है और देश में दूसरा सबसे अधिक आरडीजी का हिस्सा हिमाचल को मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले को लेकर भाजपा सांसदों और विधायकों के साथ प्रधानमंत्री से भी मिलने को तैयार है और फिर भी समाधान नहीं हुआ तो फैसले के खिलाफ प्रदेश सरकार अदालत का रूख करेगी।

**बी पी एल चयन**

प्रदेश में बी पी एल सूचियों को अंतिम रूप देने के लिए चौथे चरण की चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नए नियमों के तहत अब मनरेगा में 80 दिन का रोजगार पूरा करने वाले लोग भी इसके लिए पात्र माने जाएंगे। वहीं अपंगता प्रतिशत की शर्त भी 50 से कम कर 40 प्रतिशत की गई है। चौथे चरण के सर्वे के तहत जिला चम्बा में भी बी पी एल परिवारों की चयन प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है। इस चौथे चरण के तहत 17 फरवरी तक पंचायत सचिव के पास आवेदन किए जा सकते हैं और 25 फरवरी तक इन्हें अधिसूचित किया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश में आज से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज उच्च पर्वतीय क्षेत्रों किन्नौर, लाहौल–स्पीति, चंबा और कुल्लू के ऊंचाई वाले क्षेत्रों और कल पूरे प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। वहीं कई भागों में 30–40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज के साथ बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। 12 फरवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है।

योगराज / शिमला

**<u>अधिनियम</u>**

प्रदेश में सार्वजनिक परीक्षा–अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम–2025 आज से लागू हो रहा है। राज्य सरकार ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में पारदर्शिता लाना है। इस कानून के अंतर्गत, अब नकल, प्रश्न पत्र लीक, जालसाजी और परीक्षा संबंधी संगठित अपराधों के विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अधिनियम के अनुसार, भर्ती परीक्षाओं में नकल करने या नकल में सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति को कम से कम पांच वर्ष और अधिकतम दस वर्ष के कारावास के साथ एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। अधिनियम के अनुसार परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों और उनके कर्मचारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही भी तय की गई है।

**<u>बजट</u>**

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शिमला में बजट पर हिमाचल के संदर्भ में कहा कि किसानों, डेयरी, दाल, अनाज, सब्जी और मसाला उत्पादकों के हित पूरी तरह सुरक्षित रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि सेब के मुद्दे पर कांग्रेस अनावश्यक राजनीति कर रही है। बाहर से आने वाला सेब 100 रूपये से कम लैंडिंग कीमत पर भारत नहीं आ सकता। लगभग 80 रूपये न्यूनतम बेस प्राइस और उस पर 20 से 40 रूपये तक टैक्स जुड़ने के बाद ही आयात संभव है। इसलिए स्थानीय बागवानों के हित सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि बजट 2026 व्यापार समझौते इंफरास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग थर्स्ट मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे और हिमाचल प्रदेश भी इससे बड़े पैमाने पर लाभान्वित होगा।

**नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम**

नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार के लिए कौशल विकसित करना है। इसके तहत, सरकार निजी कंपनियों द्वारा अप्रेंटिस को दिए जाने वाले स्टाइपेंड का 25 फीसदी वहन करती है।

**<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........</u>**

आज सभी समाचार पत्रों ने वित्त विभाग द्वारा राज्य की वित्तीय स्थिति तथा राजस्व घाटा अनुदान की समाप्ति के प्रभावों पर दी गई प्रस्तुति से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **अमर उजाला का शीर्षक है–डीए करना होगा फ्रीज, एरियर देने की स्थिति नहीं, ओपीएस पर हो पुनर्विचार।**

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– **डीए एरियर संभव नहीं, सब्सिडी भी करनी पड़ेगी बंद। दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं– **आरडीजी बंद होने से हिमाचल की आर्थिकी पर खतरा। हिमाचल दस्तक सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– हम तो योद्धा हैं युद्ध की तरह लड़ेंगे।**

**<u>''अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर</u>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा 2026 के दूसरे भाग में देश के विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा गंभीर असर।
- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा–बजट में हिमाचल के सेब बागवानों के हित सुरक्षित।
- प्रदेश में बी पी एल सूचियों को अंतिम रूप देने के लिए चौथे चरण की चयन प्रक्रिया शुरू, नए नियमों के तहत अब मनरेगा में 80 दिन का रोजगार पूरा करने वाले लोग भी होंगे पात्र।
- प्रदेश में आज से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान–कल राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे नमस्कार।**